**हथकरघा बुनकरों के लिए आवासों के निर्माण हेतु सहायता**

2699. **श्री अजीत जोगी:** क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार हथकरघा बुनकरों के लिए आवासों के निर्माण हेतु राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी सहायता राशि प्रदान की गई और इससे राज्य-वार कितने बुनकर लाभान्वित हुए; और

(ग) वर्ष 1996-97 के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी सहायता राशि प्रदान किए जाने का विचार है?

**वस्त्र मंत्री (श्री आर० एल० जालप्पा):** (क) जी हां।

(ख) एक विवरण संलग्न है (**नीचे** देखिए)

(ग) 1500 लाख रुपये।

**कार्यशाला-सह-आवास योजना के अंतर्गत गत तीन वर्षों में राज्य सरकारों को जारी की गई राशि और लाभान्वित बुनकरों की संख्या का ब्यौरा**

| क्र० सं० | राज्य का नाम | 1993-94 से 1995-96 जारी की गई राशि (रु० लाखों में) | लाभान्वित बुनकरों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 560.52 | 7308 |
| 2. | असम | 292.00 | 2300 |
| 3. | बिहार | 232.00 | 5800 |
| 4. | हिमाचल प्रदेश | 83.49 | 2100 |
| 5. | जम्मू और कश्मीर | 21.59 | 676 |
| 6. | कर्णाटक | 340.72 | 6644 |
| 7. | केरल | 215.58 | 2154 |
| 8. | मध्य प्रदेश | 151.76 | 2624 |
| 9. | महाराष्ट्र | 46.00 | 1150 |
| 10. | मणीपुर | 75.60 | 1890 |
| 11. | मेघालय | 1.20 | 30 |
| 12. | मिजोरम | 14.00 | 350 |
| 13. | उड़ीसा | 140.00 | 3500 |
| 14. | राजस्थान | 53.56 | 1334 |
| 15. | तमिलनाडु | 280.00 | 2000 |
| 16. | त्रिपुरा | 88.00 | 2200 |
| 17. | उत्तर प्रदेश | 464.00 | 8150 |
| 18. | पश्चिमी बंगाल | 153.97 | 3950 |
| | कुल | 3213.99 | 54160 |